शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार : विधायक बर्डे

▶ जलगोन के सरस्वती शिशु मंदिर की नई बाउंड्रीवॉल के लिए किया भूमिपूजन

पानसेमल, (नवभारत)। जलगोन स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को नई बाउंड्रीवॉल के लिए विधायक श्याम बरड़े ने 4 लाख रुपए लागत की सौगात दी। जिसका भूमिपूजन वरिष्ठजनों एवं विद्यालय परिवार के साथ किया।

कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रेरणादायी संदेश दिया। विद्यालय आगमन पर नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य रैली निकाली, जिसमें विद्यार्थियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अतिथियों का आचार्यों एवं दीदियों ने स्वागत किया।

विधायक बरड़े ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार है। आज का विद्यार्थी ही कल का वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासक और देश का नेतृत्वकर्ता बनेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक शिक्षक रहे हैं, इसलिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रति उनका विशेष लगाव है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यालय में आने वाला प्रत्येक बच्चा कच्ची मिट्टी के समान होता है, जिसे शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और परिश्रम से एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व के रूप में गढ़ते हैं। यही राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा कार्य है। परिश्रम ही

सफलता की कुंजी है। जिसने शिक्षा को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया, वहीं भविष्य में नेतृत्व करेगा। व्यक्ति जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से महान बनता है। स्वयं को योग्य बनाई, दुनिया स्वयं आपको स्वीकार करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। प्रदेशभर में करोड़ों रूपए की लागत से सांदीपनि विद्यालय, छात्रावास एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा का वातावरण मिलेगा। शिक्षा समिति के संयोजक राहुल मित्तल ने आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के उद्योगपति एवं भूमिदाता दिलीप संचेती ने विधायक बरड़े का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पानसेमल विधानसभा विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित

इस दौरान दिलीप संचेती, जिला ग्राम भारती शिक्षा समिति सदस्य जालमसिंह पंड्या, संयोजक राहुल मित्तल, सहसयोजक योगेश पटेल, भरत वारूडे, भगवान सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष जलगोन चेनसिंह गदरे, मंडल अध्यक्ष पानसेमल चंद्रकांत महाजन, सरपंच श्रीमती रंजीता अजय आर्य, योगेश जैन, इस्माइल आजाद, राजू वाघे, कमलेश माली, निंबा पाटिल, प्रकाश पटेल, राजेसिंह राजपूत, चन्द्रकुमार जैन, धीरज जैन, आशीष अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

छात्र परिषद परिणाम घोषणा के साथ ही दिलाई शपथ

▶ संस्कार शिक्षा निकेतन में लोकतंत्र जागरूकता अभियान

▶ टीआई ने दिया मार्गदर्शन

पानसेमल, (नवभारत)। विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संस्कार शिक्षा निकेतन पानसेमल में कक्षा 6ठी से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र जागरूकता, मतदान गतिविधि एवं छात्र परिषद निर्वाचन प्रक्रिया का आयोजन किया।

शनिवार को विद्यालय परिसर में मतगणना पूर्ण होने के बाद छात्र परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों के नामों की आधिकारिक घोषणा की गई। इस अवसर पर खेतिया थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह कनेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पदग्रहण समारोह में खेल शिक्षक सचिन चौहान ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

संस्था संचालक नीरज गुप्ता, शब्बीर राज, दीपक जोशी, हेमंत शर्मा, शुभम पाटील, राकेश जाधव एवं आभा पाटिल ने कहा कि लोकतंत्र किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है तथा मतदान प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण अधिकार और कर्तव्य है।

प्राचार्य डॉ योगेश करंदीकर एवं प्री-प्राइमरी इंचार्ज सरला पटेल ने बताया कि विद्यार्थियों को लोकतंत्र की वास्तविक प्रक्रिया से परिचित कराने के उद्देश्य से इस गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल की अभिभावकों एवं नगरवासियों ने सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रभावी प्रयास बताया।

एक नजर में

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर की गई बैठक

बड़वानी। ग्राम पंचायत सिलावद में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत प्रशासन और स्थानीय दुकानदारों के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत आयोजित इस बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्त दुकानदार अपनी-अपनी दुकान के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखेंगे और कचरा वाहन आने पर ही उसमें कचरा डालेंगे। साथ ही सभी व्यापारियों को प्रतिमाह स्वच्छता कर का भुगतान ग्राम पंचायत को करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने, सड़क किनारे या गड्ढों में कचरा फेंकने वाले दुकानदारों पर पंचायत द्वारा दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। इस संबंध में आज ग्राम पंचायत द्वारा दुकानदारों को औपचारिक नोटिस जारी किए गए और क्षेत्र में मुनादी कराकर मुनादी के माध्यम से जागरूक भी किया गया। इसी कड़ी में सफाई कर्मचारियों द्वारा बाईपास रोड़ पर विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में सरपंच, सचिव, स्थानीय ग्रामीण जन सहित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वय क एवं ब्लॉक समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सैमसंग ने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश किए

इंदौर . मानसून के मौसम में बढ़ी हुई उमस और नमी के बीच बेहतर कूलिंग के लिए सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश किए हैं. पूरे साल आरामदायक माहौल बनाए रखने के लिए तैयार किए गए ये एसी एआई तकनीक, स्वच्छ हवा और लंबे समय तक भरोसेमंद प्रदर्शन जैसी खूबियों के साथ हर मौसम में बेहतर कूलिंग सुनिश्चित करते हैं. मानसून के मौसम में बढ़ी हुई नमी और उमस से घर के भीतर भी परेशानी बढ़ जाती है. सैमसंग एसी के 3-इन-1 मानसून केयर फीचर को इस मौसम की इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. यह नमी कम करने, एसी को साफ रखने और उसकी उम्र बढ़ाने जैसे तीन अहम फायदे देता है. अधिक सुविधा के लिए सैमसंग बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी में ड्राई कंफर्ट तकनीक दी गई है. एडवांस सेंसर और स्मार्ट रेफ्रिजरेंट फ्लो की मदद से यह तकनीक कमरे की नमी को अपने आप नियंत्रित करती है, जिससे जरूरत से ज्यादा ठंडक के बिना भी आरामदायक तापमान बना रहता है. सैमसंग की 2026 बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर सीरीज में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनमें 4-स्टार ऊर्जा दक्षता वाले विकल्प भी उपलब्ध हैं.

यस बैंक की क्रेडिट ताकत को ग्लोबल एजेंसियों ने पहचाना

इंदौर . यस बैंक ने बताया कि उसे देश और दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से कई सकारात्मक रेटिंग अपग्रेड मिले हैं. ये रेटिंग बैंक की लगातार मजबूत होती वित्तीय स्थिति और बेहतर ऋण साख को दर्शाती हैं. एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पहली बार यस बैंक को बीबी+ (स्थिर आउटलुक) की दीर्घकालिक जारीकर्ता (इश्यूअर) क्रेडिट रेटिंग दी है. यह रेटिंग मूडीज़ द्वारा मई 2026 में बैंक की रेटिंग बीए2 से बढ़ाकर बीए1 (स्थिर) किए जाने के अनुरूप है. इस पर टिप्पणी करते हुए यस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) विनय एम. टोंसे ने कहा देश और दुनिया की प्रमुख रेटिंग एजेंसियों द्वारा किए गए ये रेटिंग अपग्रेड यस बैंक की मजबूत स्थिति और लाभप्रदता की दिशा में हमारी लगातार प्रगति की स्वतंत्र पुष्टि हैं. हमारे सबसे बड़े शेयरधारक एसएमबीसी के साथ रणनीतिक साझेदारी ने बैंक की मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन व्यवस्था और दीर्घकालिक स्थिरता को और मजबूत किया है.

एमेजॉन और फिक्की एफएलओ ने पार्टनरशिप की

इंदौर . एमेजॉन इंडिया ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लेडीज ऑर्गेनाईजेशन (फिक्की एफएलओ) के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साईन किया है, जिसके अंतर्गत महिला एंटरप्रेन्योर्स, एनजीओ और सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स को एमेज़ॉन.इन पर अपना बिजनेस शुरू करने और बढ़ाने में मदद की जाएगी. इस पार्टनरशिप द्वारा फिक्की एफएलओ से जुड़े महिलाओं के बिजनेस एमेजॉन सहेली प्रोग्राम के अंतर्गत अपने प्रोडक्ट्स एमेजॉन.इन पर बेच सकेंगे, जिससे उन्हें पूरे देश के ग्राहकों तक पहुँच प्राप्त होगी. इस बारे में अरुणा दरयानानी, डायरेक्टर - सेल्स, एमेजॉन इंडिया ने कहा आर्थिक समावेशन तब मायने रखता है जब छोटे बिजनेस कैज्युअल सेलिंग से आगे बढ़कर सस्टेनेबल ऑनलाईन ग्रोथ करने में समर्थ बनते हैं. एमेजॉन सहेली प्रोग्राम द्वारा हमने एक व्यवस्थित ईकोसिस्टम का निर्माण किया है, जो महिलाओं के एंटरप्राईज की ऑपरेशनल चुनौतियों को संभाल सकता है और उन्हें कैटालोगिंग से लेकर मार्केटिंग टूल्स तक के इस्तेमाल में मदद करता है, ताकि वो एमेजॉन.इन पर अपने प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर सकें.

नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेज़र आयलैंड की पर्पल डे सेल

इंदौर . अगर आप लंबे समय से अपने पसंदीदा स्नीकर्स खरीदने, वार्डरोब को नया लुक देने या घर के लिए कुछ नया लेने की सोच रहे हैं, तो यह वीकेंड आपके लिए शानदार मौका लेकर आया है. नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेज़र आयलैंड सहित नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स में 10 से 12 जुलाई तक 'पर्पल डे सेल' का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान प्रीमियम ब्रांड्स और विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों पर फ्लैट 50% तक की छूट दी जाएगी. सेल में पेंटालून्स, ट्रेंड्स और कई अन्य प्रमुख ब्रांड्स हिस्सा ले रहे हैं. तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में इन ब्रांड्स के अनेक उत्पाद आकर्षक ऑफर्स के साथ उपलब्ध होंगे. पारंपरिक एंड-ऑफ-सीजन सेल के विपरीत, जहां अधिकतर फोकस सिर्फ कपड़ों पर रहता है,

सिंहस्थ की तैयारियों को मिली नई मजबूती

▶ पुलिस कर्मियों को एसडीआरएफ टीम ने दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

बड़वानी, (नवभारत)। 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत बड़वानी पुलिस द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम विशेष प्रशिक्षण शिविर हुआ। जिसमें 47 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सूबेदार उषा सिसोदिया की उपस्थिति में एसडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन विशेष प्रशिक्षण दिया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपदा परिदृश्यों में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया तथा आपदा की स्थिति में जोखिम का आंकलन, त्वरित निर्णय, टीम समन्वय एवं प्रभावी कार्यप्रणाली की बारीकियों को समझा। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आपात या आपदा की स्थिति में त्वरित व प्रभावी ढंग से राहत-बचाव करने में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद करेगा।

ज्ञान परीक्षा का सम्मान समारोह आज

बड़वानी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सम्मान समारोह गायत्री शक्ति पीठ प्रज्ञा हाल बड़वानी में सुबह 11.30 बजे से होगा। जिला संयोजक भागीरथ भाबर ने बताया कि 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि एसपी पद्मविलोचन शुक्ल, विशेष अतिथि समाजसेवी शेखर चंद्र पाटनी, विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य कविता भदोरिया के साथ संगठन के प्रतिनिधि रहेंगे। सचिव संजय शिरोड़े ने बताया कि परीक्षा सहयोगी 115 शिक्षकों को आमंत्रित किया है। जिन्हें शैल दीदी शांतिकुंज हरिद्वार से शुभकामना प्रशस्ति-पत्र देकर परीक्षा समिति द्वारा अभिनंदन किया जाएगा।

31 जुलाई तक लिए जाएंगे आवेदन

बड़वानी। जवाहर नवोदय विद्यालय ओझर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6ठी की 80 सीटों के लिए चयन परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। कक्षा 6ठी के प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है एवं चयन परीक्षा दिनांक 28 नवम्बर 2026 को आयोजित होनी वाली है। अभ्यर्थी बड़वानी जिले का वास्तविक निवासी हो और शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में शासकीय/गैर शासकीय शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत हो। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01.05.2015 से 31.07.2017 (दोनो तिथियां शामिल) के बीच हो। कक्षा-3री, 04थी, 5वीं पूरा सत्र अध्ययन बड़वानी जिले के शासकीय एवं शासकीय मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत होना चाहिए वही विद्यार्थी फार्म भर सकते हैं। आवदेन ऑनलाईन के माध्यम से किया जाना है।

योगिनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के दरबार में उमड़ा सैलाब

▶ मंदिर में 51 हजार सिद्ध रूद्राक्षों का किया वितरण

बड़वानी, (नवभारत)। योगिनी एकादशी के अवसर पर जिले के तलून स्थित बाबा खाटूश्याम मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंचे। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया, बाबा खाटूश्याम का मनमोहक एवं अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

खाटूश्याम जनकल्याण सेवा समिति तलून समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बीच 51 हजार सिद्ध रुद्राक्ष वितरित किए गए। श्रद्धालुओं ने इसे बाबा श्याम का दिव्य प्रसाद और आशीर्वाद मानकर श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली।

प्रात:कालीन आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। दिनभर श्रद्धालु बाबा के दर्शन, पुजन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंदिर पहुंचे। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और जय श्री श्याम के जयघोषों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

भक्तों ने किए बाबा के दर्शन

बाबा खाटूश्याम का विशेष फूलों, आभूषणों और आकर्षक वस्त्रों से भव्य श्रृंगार किया। रंग-बिरंगे पुष्पों एवं मनोहारी सजावट से सुसज्जित दरबार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तों ने बाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

श्रीति-संदीप राशिनकर पुणे में सम्मानित

इंदौर. शहर के चित्रकार, लेखक संदीप और श्रीति राशिनकर को उनकी दीर्घ साहित्य-कला साधना के अवदान के लिए सम्मानित किया गया. पिंपरी चिंचवड़ विधान सभा क्षेत्र में कला के माध्यम से समाज में रचनात्मकता के संवर्धन के लिए उनके द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों के लिए यह सम्मान उन्हें क्षेत्र के कर्मठ नेता रामभाऊ वाकड़कर द्वारा प्रदान किया गया.

तेज बारिश से थमी महाराष्ट्र-राजस्थान की आवक

▶ इंदौर में टमाटर के दामों में हल्की तेजी

नवभारत न्यूज़

इंदौर. महाराष्ट्र और राजस्थान में लगातार हो रही तेज बारिश का असर अब इंदौर की थोक सब्जी मंडियों में भी दिखाई देने लगा है। दोनों राज्यों से टमाटर की आवक प्रभावित होने के कारण इंदौर में टमाटर के दामों में हल्की तेजी दर्ज की गई है.

जानकारी के अनुसार, जब महाराष्ट्र से टमाटर की पर्याप्त आवक हो रही थी, तब बाजार में कीमतें स्थिर बनी हुई थीं. लेकिन भारी बारिश के चलते महाराष्ट्र से आवक लगभग बंद हो गई है. वहीं राजस्थान में भी तेज बारिश के कारण टमाटर की आवक कमजोर पड़ गई है, जिससे बाजार में भाव बढ़ने लगे हैं. हालांकि, इंदौर

की चोइथराम मंडी में फिलहाल बेंगलुरु से टमाटर की नियमित आवक बनी हुई है. इसी वजह से टमाटर के दामों में बड़ी तेजी देखने को नहीं मिली है और बाजार में कीमतें नियंत्रित बनी हुई हैं. टमाटर व्यापारी गौरव

खेरची बाजार पर दिख रहा असर

व्यापारियों के अनुसार, थोक बाजार की मौजूदा स्थिति का असर खेरची बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। इस समय टमाटर उपभोक्ताओं को गुणवत्ता के अनुसार 50 रुपये से 80-90 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव में मिल रहा है. व्यापारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति और बाहरी राज्यों से होने वाली आवक के आधार पर टमाटर के दामों में आगे उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

इंदौर में बिजली व्यवस्था होगी और मजबूत

▶ 16 हाईटेंशन फीडरों की होगी भूमिगत केबलिंग

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर में बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय और निर्बाध बनाने के लिए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बड़ा कदम उठाया है. कंपनी शहर के सबसे पुराने 132 केवी चंबल ग्रिड से जुड़े 16 उच्चदाब (33 केवी) फीडरों की कनेक्टिविटी भूमिगत केबल के माध्यम से मजबूत कर रही है. इस परियोजना के पूरा होने से शहर के बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा और तकनीकी शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है.

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर उच्च गुणवत्ता की 33 केवी भूमिगत केबल बिछाई जा रही हैं. इन केबलों के जरिए उत्तर, पूर्व, पश्चिम और मध्य संभाग के 16 स्थानों पर स्थित 33/11 केवी ग्रिडों को आपस में जोड़ा जाएगा. इस व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि तेज हवा या किसी एक फीडर में तकनीकी खराबी आने पर अन्य फीडरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी. साथ ही परियोजना में पर्याप्त स्टैंडबाय व्यवस्था भी विकसित की जा रही है. यदि किसी 33 केवी केबल में खराबी आती है, तो वैकल्पिक केबल से कुछ ही समय में बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकेगी. बिजली कंपनी का मानना है कि इस नई व्यवस्था से शहर की विद्युत वितरण प्रणाली अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और तकनीकी रूप से मजबूत बनेगी, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा.

बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

इंदौर. थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप बीमार बच्चों की मदद तो करता ही है. साथ ही उनको जागरूक बनाने के लिए भी नियमित गतिविधि करता है. इसी कड़ी में थैलेसीमिया केयर सेंटर में प्रोग्राम आयोजित किया गया. जो बच्चे ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए वार्ड में भर्ती थे उन्हें समझाया गया पानी की स्वच्छता के बारे में, घर के आसपास पानी नहीं भरने देने के बारे में पानी उबाल कर पीने के लिए क्योंकि बारिश में बहुत से बीमारी अशुद्ध पानी पीने से होती है. जो लड़कियाँ वहाँ थी उनको सेफ टच और अनसेफ टच की जानकारी दी गई. उनको कहा गया किसी की दी गई कोई चीज नहीं खाना. कहीं अकेले किसी के साथ नहीं जाना और उनको वो टेलीफोन नंबर भी बताए गए जिनसे उनको सहायता मिल सकती है. ये सभी जानकारी डॉ रजनी भंडारी और पूर्णिमा राउत ने दी. चंदा शर्मा ने सभी को स्नैक्स बाटे।

एक नजर में ▶ रामानुज स्वामी का महाभिषेक हुआ, रजत वाहन पर निकली सवारी

ध्वजारोहण के साथ ब्रह्मोत्सव का भव्य शुभारंभ

इंदौर पावन सिद्ध धाम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में शुक्रवार से सप्त दिवसीय श्री ब्रम्होत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव् का शुभारंभ हुआ. सुबह वेंकट रमण गोविंदा श्री निवास गोविंदा नाम जप परिक्रमा निकली तत्पश्चात प्रभु वेंकटेश की श्रृंगार आरती की गयी. साथ ही श्री ब्रम्होत्सव का ध्वजारोहण के साथ

शुभारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया.

दक्षिण भारतीय नाद स्वरम की गोविंदा गोविंदा की मधुर धुन के साथ भक्तो ने तालिया बजाकर अपना उत्साह प्रकट किया. हर भक्त चाहे महिला हो या पुरुष वर्ग सभी के सिर पर वैष्णव रामानुज सम्प्रदाय का तिलक शुशोभित किया गया था जिसे उत्सव का आनंद दोगुना हो गया था. स्वर्ण से निर्मित बड़े से गरुड़ स्तम्भ पर प्रभु वेंकटेश के सन्मुख रामानुजाचार्य नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा शास्त्रोक्त पद्धति से दक्षिण भारत से आए भटर स्वामियों द्वारा पूजन कराकर स्तोत्र पाठ कर सफ़ेद वस्त्र पर निर्मित ध्वज जिस पर भगवान गरुड़ को विराजमान किया गया था.

भगवान के उत्सव में श्रद्धा से शामिल हों

संत सभा में नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान के उत्सव में श्रद्धा और शरणागति के भाव से शामिल होना चाहिए। मंदिर में प्रवेश करने के बाद सांसारिक विषयों से दूर रहकर प्रभु की सेवा, नामजप और धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनना ही सच्ची भक्ति है.